अच्छी शिक्षा पद्धति ही किसी देश को बलवान और चरित्रवान बनाती है: राज्यपाल

चुनौतियों से निबटकर सशक्त भारत बनाना हमारी सबसे बड़ी जिम्मेदारी: उप मुख्यमंत्री डॉ. बैरवा

बीकानेर, 2 जून (का.सं.)। राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे ने कहा कि अच्छी शिक्षा पद्धति ही किसी देश को बलवान और चरित्रवान बनाती है। जिस देश की शिक्षा पद्धति बिगड़ती है, वह देश चारित्रिक रूप से कमजोर हो जाता है। श्री बागडे ने सोमवार को बीकानेर तकनीकी विश्वविद्यालय के तृतीय दीक्षांत समारोह की अध्यक्षता करते हुए यह उद्गार व्यक्त किए।

राज्यपाल ने कहा कि हमारा देश तकनीक के क्षेत्र में आरम्भ से ही अत्यंत समृद्ध रहा है। रणकपुर मंदिर के कला कौशल्य को मूर्त रूप देने कलाकार अपनी कला में निपुण थे। दक्षिण का गोरखपुर मंदिर और अजंता एलोरा की गुफाएं भी हमारी तकनीकी समृद्धता को दर्शाती हैं। राज्यपाल ने कहा कि अच्छे तकनीकी विशेषज्ञ तैयार करना इंजीनियरिंग कॉलेजों और तकनीकी विश्वविद्यालयों का कार्य है। बीकानेर का तकनीकी विश्वविद्यालय इसे समझते हुए देश को अच्छे तकनीकी विशेषज्ञ उपलब्ध करवाए। राज्यपाल ने कहा कि एक दौर में विश्व में छह विश्वविद्यालय थे। इनमें से दो विश्वविद्यालय तक्षशिला और विक्रमशिला भारत में थे। यहां विदेशों से विद्यार्थी पढ़ने आते। धीरे-धीरे यह कमजोर होने लगे। आज इन्हें पुनः मजबूत करने की जरूरत है। राज्यपाल ने कहा कि तकनीकी विश्वविद्यालय के विद्यार्थी देश के प्रति सकारात्मक भाव रखते हुए आगे बढ़ें और चरित्रवान बनें। राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष श्री वासुदेव देवनानी ने कहा कि प्रदेश में तकनीकी शिक्षा का सतत विकास हुआ है। आज राजस्थान देश भर में तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी राज्यों में शामिल है। उन्होंने कहा कि दीक्षांत कार्यक्रम सिर्फ डिग्री प्राप्त करने का कार्यक्रम नहीं है, यह हमें हमारे दायित्वों का बोध करवाने वाला कार्यक्रम है। इंजीनियर डिग्री हासिल कर लाखों रुपए के पैकेज को अपना ध्येय नहीं बनाएं, बल्कि समाज और देश के प्रति अपना दायित्व निभाएं। उन्होंने कहा कि एक अभियंता देश के बड़े गरीब तबके का जीवन स्तर कैसे ऊपर उठा सकता है? इसके लिए अपने तकनीकी ज्ञान का उपयोग करना महत्वपूर्ण है। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत के डिफेंस सिस्टम ने शत्रु देश के इरादों को नेस्तनाबूद कर दिया। यह हमारे तकनीकी ज्ञान का नायाब उदाहरण था। उन्होंने कहा कि आज के दौर में स्टार्ट अप और मेक इन इंडिया जैसी व्यवस्थाएं हमारे पास हैं, हमें इन्हें समझते हुए नौकरी मांगने वाला नहीं बल्कि नौकरी देने वाला बनना जरूरी है। विधानसभा अध्यक्ष ने चार आश्रम और चार पुरुषार्थों का वर्णन करते हुए कहा कि हमारा देश तक्षशिला, नालंदा और विक्रमशिला जैसे शिक्षा केंद्रों और अश्वघोष और चाणक्य जैसी गुरु परंपरा वाला देश है।

महेश नवमी महोत्सव पर रक्तदान शिविर का भव्य आयोजन, 73 यूनिट रक्त का संग्रह

प्रभात अभिनन्दन न्यूज

केकडी, 2 जून (दीपांकुर चौहान)। केकड़ी क्षेत्रीय माहेश्वरी सभा, महिला संगठन, नवयुवक मंडल, एवं प्रगति नवयुवक मंडल के संयुक्त तत्वावधान में पहली बार रक्तदान शिविर का भव्य आयोजन महेश नवमी महोत्सव के पावन अवसर पर महेश वाटिका में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान महेश के समक्ष दीप प्रज्वलन से हुआ। इस दौरान उपस्थित प्रमुख पदाधिकारी सत्यनारायण सोमानी (क्षेत्रीय सभा अध्यक्ष),गोपाल बियानी (सचिव) ,रामेश्वर प्रसाद काबरा (पूर्व अध्यक्ष),एस. एन. न्याति (महासभा सदस्य),निरंजन तोषनीवाल (जिला प्रचार मंत्री) अनिल राठी (प्रगति मंडल अध्यक्ष), आनंदीराम सोमानी, शैलेश झवर, रूपनारायण राठी, ज्ञानप्रकाश राठी, विकास माहेश्वरी, रोहित राठी, टीकम आगीवाल (महोत्सव संयोजक),कोमल राठी (महिला संगठन अध्यक्ष), अनिता राठी (सचिव), अंकित हेड़ा (नवयुवक मंडल अध्यक्ष), मनीष नुवाल (सचिव) पुनीत बजाज, हर्ष राठी (प्रगति मंडल) समाज की मातृशक्ति, युवाशक्ति एवं पुरुष वर्ग ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और पूरे उत्साह व सेवाभाव के साथ 73 यूनिट रक्त का संग्रह कर राजकीय जिला चिकित्सालय केकड़ी को सौंपा। यह आयोजन समाज में सेवा, सहयोग और संस्कार का सशक्त उदाहरण बन गया।

रामदेवरा के श्रद्धालुओं हेतु जोधपुर-रामदेवरा-जोधपुर स्पेशल रेलसेवा (01ट्रिप) का संचालन

जयपुर, 2 जून (का.सं.)। रेलवे द्वारा रामदेवरा के श्रद्धालुओं हेतु जोधपुर-रामदेवरा-जोधपुर स्पेशल रेलसेवा (01 ट्रिप) का संचालन किया जा रहा है।

उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जन सम्पर्क अधिकारी श्री शशि किरण के अनुसार गाडी संख्या 04833, जोधपुर-रामदेवरा स्पेशल रेलसेवा दिनांक 06.06.25 को (01 ट्रिप) जोधपुर से 10.50 बजे रवाना होकर 14.30 बजे रामदेवरा पहुँचेगी।

इसी प्रकार गाडी संख्या 04834, रामदेवरा-जोधपुर स्पेशल रेलसेवा दिनांक 06.06.25 को (01 ट्रिप) रामदेवरा से 15.20 बजे रवाना होकर 19.15 बजे जोधपुर पहुँचेगी।

यह रेलसेवा मार्ग में राई का बाग, मंडौर, मारवाड मथानियाँ, ओसिया, मारवाड लोहावट व फलौदी स्टेशनो पर ठहराव करेगी। इस रेलसेवा में 08 साधारण श्रेणी व 02 गार्ड डिब्बो सहित कुल 10 डिब्बे होंगे।

जयपुर में 51 दुकानों पर खाने का सामान खराब मिला

अनसेफ और सबस्टैंडर्ड पाए जाने पर जयपुर सीएमएचओ ने की कार्रवाई

जयपुर, 2 जून (का.सं.)। जयपुर सीएमएचओ की फूड सेफ्टी टीम ने कुछ समय पहले जयपुर शहर में अलग-अलग फर्मों (मिष्ठान दुकान, रेस्टोरेंट, बेकरी इत्यादि) के यहां से फूड के सैंपल लिए थे। जो अनसेफ और सबस्टैंडर्ड मिले हैं। इन रिपोर्ट के बाद सीएमएचओ की टीम ने 51 फर्मों के खिलाफ मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट जयपुर के यहां चालान पेश किया है। सीएमएचओ जयपुर फर्स्ट डॉ. रवि शेखावत ने बताया- जिन 51 फर्मों के खिलाफ पेश किए चालान गणगौरी बाजार स्थित लक्ष्मी ट्रेडर्स के यहां से लिए काली मिर्च, न्यू लाल जनरल एण्ड किराना स्टोर जयसिंहपुरा खोर के यहां से लाल मिर्च पाउडर, न्यू कौशर स्वीट्स हसनपुरा के यहां से गुलाब जामुन, कीर्ति एन्टरप्राईजेज शास्त्री नगर के यहां से धनिया पाउडर, मिर्च पाउडर और हल्दी पाउडर जांच में अनसेफ और सबस्टैंडर्ड मिले हैं। इसी तरह गणेश ट्रेडिंग कम्पनी शास्त्री नगर के यहां धनिया पाउडर, हल्दी पाउडर, आदर्श नमकीन भण्डार राजापार्क के मेरी नेशन ग्रेवी, आर.एन. हॉस्पिटेलिटी सर्विस जयपुर के यहां वेजिटेबल सॉस, द फोनिक्स ट्रेड विजन प्रा.लि. वीकेआई जयपुर के यहां क्यूमिन पाउडर, होटल हाईवे किंग विराटनगर कोटपुतली के यहां ग्रेवी, वीनस इंडियन ढाबा, कंवर नगर के यहां ग्रेवी, काला नमकीन उद्योग जयपुर के यहां तेल और नमकीन, श्री किशन दूध भण्डार करतारपुरा के यहां मावा, जोधपुर डेयरी बूथ सी-स्कीम जयपुर के यहां आईसक्रीम जांच में अनसेफ और सबस्टैंडर्ड मिली है।

आईआईटी में पहले प्रयास में कुहू इंटरनेशनल एकेडमी के 4 छात्रों को मिली ऐतिहासिक सफलता

गंगापुर सिटी, 2 जून (मदन मोहन गर्ग)। कुहू इंटरनेशनल एकेडमी के लिए यह अत्यंत गौरव का क्षण है कि एकेडमी के चार विद्यार्थियों ने आईआईटी जेईई एडवांस्ड 2025 परीक्षा में प्रथम प्रयास में ही शानदार सफलता प्राप्त की है। कक्षा 12वीं के 17 विद्यार्थियों ने जेईई मेन परीक्षा में भाग लिया था, जिनमें से 10 छात्रों ने मेन्स क्वालीफाई किया। इसके बाद, 4 विद्यार्थियों अभिषेक मीना, पूजा मीना, पूरण मीना ओर महेन्द्र जाटव ने फाइनल सिलेक्शन प्राप्त कर पूरे संस्थान और गंगापुर सिटी का नाम रोशन किया। जैसे ही परीक्षा परिणाम घोषित हुआ, विद्यालय में उत्सव का माहौल बन गया। विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों ने एक-दूसरे को बधाइयाँ दीं। विद्यालय के बाहर पटाखे जलाकर और

मिठाई बाँटकर इस ऐतिहासिक सफलता का जश्न मनाया गया। इस अवसर पर फाउंडेशन के एचओडी भूपेंद्र केवट, कौशलेंद्र सिंह, विनोद सुमन, भूपेश कुमावत, धनंजय शर्मा, प्रभारी हिमांशु शर्मा व दुर्गेश शर्मा भी उपस्थित थे। एकेडमी के निदेशक डॉक्टर हेमंत शर्मा ने बताया कि यह सफलता न केवल विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत का फल है, बल्कि संस्थान द्वारा प्रदान किए गए उत्कृष्ट शैक्षणिक वातावरण, अनुभवी शिक्षकों के मार्गदर्शन, नियमित मॉक टेस्ट एवं अभिभावकों के सहयोग का भी प्रतिफल है। कुहू इंटरनेशनल एकेडमी परिवार की ओर से चयनित सभी विद्यार्थियों और उनके परिजनों को हार्दिक बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। निदेशक डॉ हेमंत शर्मा ने कहा कि हमारे बच्चों की उड़ान अब इस बात का प्रमाण है कि उनके लिए आसमान भी कोई सीमा नहीं रहा।

जीनगर समाज ब्यावर के चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न, भूपेंद्र कुमार निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित

प्रभात अभिनन्दन न्यूज

केकडी, 2 जून (दीपांकुर चौहान)। जीनगर समाज एकता विकास पंचायत समिति, ब्यावर (जीनगर समाज ब्यावर) के चुनाव 1 जून 2025 को सफलता पूर्वक संपन्न हुए। समाज की एकजुटता और लोकतांत्रिक प्रक्रिया की मिसाल पेश करते हुए अधिकतर पदों पर सर्वसम्मति से निर्विरोध चयन हुआ, जबकि दो पदों के लिए मतदान संपन्न हुआ।

निर्वाचित पदाधिकारी इस प्रकार हैं अध्यक्ष: भूपेंद्र कुमार (निर्विरोध),उपाध्यक्ष: रतनलालजी सांखला (निर्विरोध),कोषाध्यक्ष: नटवरलाल आसेरी (चुनाव जीतकर),सह-कोषाध्यक्ष: ओम जी राठौड़ (निर्विरोध) सचिव: राकेश गहलोत (निर्विरोध),सह-सचिव: जितेंद्र जी सांखला (निर्विरोध),महामंत्री: कुशल बायड़ (चुनाव जीतकर) प्रचार मंत्री: जवरीलाल जी सिसोदिया (निर्विरोध) मतदान परिणाम: कोषाध्यक्ष पद पर नटवरलाल आसेरी ने 38 वोटों के अंतर से विजय प्राप्त की। महामंत्री पद पर कुशल बायड़ ने 8 वोटों के अंतर से जीत दर्ज की। समाज के सभी वर्गों ने चुनाव प्रक्रिया में भागीदारी कर लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूत किया। समाज के वरिष्ठजनों व गणमान्य व्यक्तियों ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को हार्दिक बधाइयाँ और शुभकामनाएँ प्रेषित की हैं। इस मौके पर समाज के वरिष्ठजनों, युवाओं एवं महिलाओं ने भागीदारी कर चुनाव को सफल और गरिमामयी बनाया। समस्त विजयी प्रत्याशियों को समाजजनों द्वारा पुष्पहार, अभिनंदन और शुभकामनाएँ दी गईं।

ओडिशा: एसटीएफ ने 50 लाख रुपये मूल्य के हाथी के दो दांत जब्त किए

भुवनेश्वर, 02 जून (वेब वार्ता)। ओडिशा पुलिस के विशेष कार्य बल (एसटीएफ) ने कुल 50 लाख रुपये मूल्य के हाथी के दो दांत जब्त किए हैं और वन्यजीवों के अंगों की तस्करी के आरोप में एक व्यक्ति को हिरासत में लिया है। एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई।

संदिग्ध की पहचान बौद्ध जिले के चरदा गांव निवासी प्रमोद परिदा के रूप में हुई है। बयान में कहा गया है कि उसे रविवार शाम करीब सात बजे बौद्ध जिले के तेलीबांधा चाक के पास हाथी के दांत के साथ गिरफ्तार किया गया।

बयान के अनुसार, एसटीएफ टीम ने बौद्ध जिले के वन अधिकारियों की मदद से बौद्ध-सोनपुर रोड (एनएच-57) पर तेलीबांधा चाक के पास छापेमारी की और परिदा को पकड़ लिया तथा हाथी दांत के टुकड़े जब्त कर लिए।

झारखंड के चाईबासा एमपीएमएलए कोर्ट से जारी गैरजमानती वारंट के खिलाफ हाईकोर्ट पहुंचे कांग्रेस नेता राहुल गांधी

रांची, 02 जून (वेब वार्ता)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने झारखंड के चाईबासा स्थित एमपीएमएलए कोर्ट की ओर से उनके खिलाफ जारी गैरजमानती वारंट को निरस्त करने की मांग करते हुए झारखंड हाईकोर्ट में याचिका दायर की है।

चाईबासा कोर्ट ने वर्ष 2018 में भारतीय जनता पार्टी के तत्कालीन अध्यक्ष अमित शाह के खिलाफ कथित अपमानजनक टिप्पणी से जुड़े केस में 22 मई को राहुल गांधी के खिलाफ वारंट जारी करते हुए उन्हें 26 जून को व्यक्तिगत रूप से कोर्ट में पेश होने का आदेश दिया है। इस मामले में राहुल गांधी के अधिवक्ता की ओर से दायर याचिका में कहा गया है कि इस मामले में उन्होंने सीआर,सी की धारा 205 के अंतर्गत हाईकोर्ट में पहले से दायर की गई याचिका अब तक लंबित है। जब तक लंबित याचिका पर सुनवाई नहीं होती, तब तक चाईबासा कोर्ट की ओर से वारंट जारी करना अनुचित है। उल्लेखनीय है कि चाईबासा निवासी प्रताप कटियार नामक शख्स ने राहुल गांधी के खिलाफ 9 जुलाई, 2018 को दर्ज कराई गई शिकायत में आरोप लगाया था कि उन्होंने वर्ष 2018 में कांग्रेस के अधिवेशन में भाजपा के तत्कालीन राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी की। शिकायत के अनुसार, राहुल गांधी ने कहा था कि कांग्रेस में कोई हत्यारा राष्ट्रीय अध्यक्ष नहीं बन सकता है। कांग्रेसजन किसी हत्यारे को राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वीकार नहीं कर सकते हैं, यह भाजपा में ही संभव है। इस शिकायत वाद पर चाईबासा कोर्ट ने राहुल गांधी के खिलाफ अप्रैल 2022 में जमानती वारंट जारी किया था।

इस पर राहुल गांधी की ओर से कोई संज्ञान नहीं लिया गया। इसके बाद कोर्ट ने फरवरी 2024 में उनके खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी किया था। राहुल गांधी के अधिवक्ता ने इस पर कोर्ट में आवेदन देकर सशरीर उपस्थित होने की छूट मांगी थी, लेकिन उनका आवेदन खारिज कर दिया गया था। इसके खिलाफ राहुल गांधी झारखंड हाईकोर्ट पहुंचे थे, जहां उन्हें राहत मिली थी।

श्री खेड़ापति बालाजी धाम समोद में पांच लाख रुपए की लागत से बनाया पक्षी घर

प्रभात अभिनन्दन न्यूज

चौमूं, 1 जून (का.सं.)। जयपुर जिले के ग्रामीण क्षेत्र में प्रसिद्ध धार्मिक स्थान श्रीखेड़ापति बालाजी धाम सामोद में महामंडलेश्वर श्री प्रेमदास जी महाराज की प्रेरणा से 65 फीट मंजिला पक्षी घर बनकर तैयार किया गया है। करीब पांच लाख रुपए से अधिक की लागत से बनाए गए पक्षी घर में लगभग पांच हजार से भी अधिक पक्षियों को सर्दी, गर्मी, एवं बारिश में रहने को जगह मिलेगी।

महामंडलेश्वर श्री प्रेमदास जी महाराज के कृपापात्र वैष्णव विरक्त संत रामचरण दास ने इसका विधिवत रूप से शुभारंभ कर इस पक्षी घर को पक्षियों के लिए समर्पित किया द्य इस पक्षी घर को कलात्मक रंगों से आकर्षक रूप दिया गया है। महामंडलेश्वर प्रेमदास महाराज ने बताया कि भूतल से करीब पैसठ फीट ऊंचा पक्षी निवास बनने से हिंसक जीव जंतुओं से पक्षियों की रक्षा होगी तथा यहां पर पक्षियों के लिए प्रतिदिन श्रद्धालुओं के द्वारा दाना डाला जाएगा। इस अवसर पर विद्वान पंडित गोपाल लाल शर्मा, प्रकाश शर्मा, जेपी शर्मा, जेपी सैनी, विमल कुमावत, रामधन सैनी, लोकेश, सोम, सुदर्शनदास, कमलदास, सुरेश दास, शिवराम दास, अशोक यादव मौजूद रहे।

वंदे गंगा% जल संरक्षण जन अभियान और अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों को लेकर विधायक गौतम ली बैठक

प्रभात अभिनन्दन न्यूज

केकडी, 2 जून (दीपांकुर चौहान)। नगर परिषद केकड़ी में आगामी अंतरराष्ट्रीय योग दिवस (21 जून) और वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान (5 जून से प्रारंभ) के संबंध में अधिकारियों के साथ विस्तृत कार्य योजना पर चर्चा हेतु एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।

बैठक में दोनों अभियानों की व्यापक तैयारियों, जनभागीदारी सुनिश्चित करने के उपायों, तथा जागरूकता कार्यक्रमों पर गहन विमर्श किया गया। उपस्थित अधिकारियों एवं प्रतिनिधियों ने यह सुनिश्चित किया कि योग दिवस का आयोजन समाज के हर वर्ग की भागीदारी से प्रेरणास्पद रूप में संपन्न हो, साथ ही वंदे गंगा अभियान को जनआंदोलन का स्वरूप दिया जाए।

बैठक में यह निर्णय लिया गया कि-

विभिन्न शिक्षण संस्थानों, सामाजिक संगठनों और युवा मंडलों को जोड़ा जाएगा। योग शिविरों, जल बचाओ रैलियों और संगोष्ठियों का आयोजन किया जाएगा। स्थानीय जल स्रोतों की साफ-सफाई और संरक्षण हेतु श्रमदान किया जाएगा। सोशल मीडिया व प्रचार सामग्री के माध्यम से जनजागरण अभियान चलाया जाएगा। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राजस्थान सरकार द्वारा जल संरक्षण और प्रबंधन के क्षेत्र में किए जा रहे प्रयासों की सराहना की गई। वंदे गंगा अभियान को एक ऐतिहासिक पहल बताते हुए इसे जल स्रोतों के पुनर्जीवन एवं सतत विकास का आधार कहा गया। इस बैठक ने यह स्पष्ट कर दिया कि योग और जल, दोनों ही जीवन के आधार हैं - एक शरीर और आत्मा की शुद्धि के लिए, दूसरा धरती के जीवन चक्र को बनाए रखने के लिए।

बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर चन्द्रशेखर भण्डारी, केकड़ी उपखण्ड अधिकारी सुभाष चन्द्र हेमानी, सरवाड़ उपखण्ड अधिकारी गुरु प्रसाद तंवर, केकड़ी तहसीलदार बंटी राजपूत, विकास अधिकारी दिशी शर्मा, नगर परिषद आयुक्त मनोज मीणा, राजकीय आयुर्वेद महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. गिरिराज साहू ,सहित कई विभागों अधिकारी एवं भाजपा के मण्डल अध्यक्ष रितेश जैन, राजवीर हावा, सत्यनारायण गुर्जर, कन्हैया लाल साहू , दशरथ साहू , सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित मौजूद ।

ORIX

ओरिक्स लीजिंग एंड फाइनेंशियल सर्विसेज इंडिया लिमिटेड

(पूर्व में ओएआईएस ऑटो फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड के रूप में जाना जाता था) (ओरिक्स ऑटो इंफ्रास्ट्रक्चर सर्विसेज लिमिटेड की एक सहायक कंपनी)
पंजीकृत कार्यालय: प्लॉट नंबर 94, मरोल को-ऑपरेटिव इंडस्ट्रियल एस्टेट, अंधेरी-कुर्ला रोड, अंधेरी (पूर्व), मुंबई - 400 059
दूरभाष: + 91 22 2859 5093 / 6707 0100, फैक्स: +91 22 2852 8549
Email: info@orixindia.com / www.orixindia.com / CIN : U74900MH2006PLC163937

परिशिष्ट - IV-ए [नियम 8(6) का परंतुक देखें]
अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए बिक्री सूचना

वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और सुरक्षा हित के प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना, सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 (6) के प्रावधान के साथ पढ़ी जाती है।
इसके द्वारा सामान्य रूप से जनता को और विशेष रूप से उधारकर्ता (ओं) और गारंटर (ओं) को नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति सुरक्षित लेनदार को गिरवी/चार्ज की गई है, जिसका भौतिक कब्ज़ा प्राधिकृत अधिकारी द्वारा ले लिया गया है। ओरिक्स लीजिंग एंड फाइनेंशियल सर्विसेज इंडिया लिमिटेड को नीचे उल्लिखित राशि की वसूली के लिए **25.06.2025** को ''जैसा है जहां है'', ''जैसा है जो है'' और ''जो कुछ भी है'' के आधार पर सार्वजनिक नीलामी के माध्यम से बेचा जाएगा। जैसा कि नीचे बताया गया है, उधारकर्ताओं और सह-उधारकर्ताओं से ओरिक्स लीजिंग एंड फाइनेंशियल सर्विसेज इंडिया लिमिटेड। आरक्षित मूल्य नीचे उल्लेखित अनुसार होगा और बयाना राशि जमा (ईएमडी) नीचे उल्लेखित अनुसार होगी।

उधारकर्ताओं और सह-उधारकर्ताओं का नाम / बकाया राशि / मांग सूचना दिनांक	संपत्ति का विवरण	आरक्षित मूल्य (INR) / ईएमडी / बोली बढ़ाएँ राशि
• फैंडन कॉल एंड डेटा प्रा. लिमिटेड • मदन सिंह फांदन • प्रशांत कुमार लामोरिया • शांति देवी	संपत्ति का वह सारा टुकड़ा और पार्सल हॉल/कार्यालय संख्या एसएफ-1 और एसएफ-2, जिसका कुल विक्रय योग्य क्षेत्रफल 6201.57 वर्ग फीट है (एसएफ-1 विक्रय योग्य क्षेत्रफल = 3189.38 वर्ग फीट और निर्मित क्षेत्रफल = 2551.50 वर्ग फीट + एसबी क्षेत्रफल = 637.88 वर्ग फीट) (एसएफ-2 विक्रय योग्य क्षेत्रफल 3012.19 वर्ग फीट और निर्मित क्षेत्रफल 2409.7 वर्ग फीट + एसबी क्षेत्रफल = 602.44 वर्ग फीट) तमन्ना टॉवर में दूसरे तल पर प्लॉट संख्या-8-ए और 9 पर, नंद विहार, वैशाली नगर, जयपुर, राजस्थान-302021 में स्थित है।	रूपये 2,02,50,000/- (दो करोड़ दो लाख पचास हजार रूपये मात्र)
रु. 5,96,17,664.56/- (पांच करोड़ छियानवे लाख सत्रह हजार छह सौ चौसठ रुपये और छप्पन पैसे मात्र) 30.05.2025 तक		बयाना राशि जमा 10% रु. 20,25,000/- (बीस लाख पच्चीस हजार रूपये मात्र)
मांग नोटिस की तिथि: 04-जुलाई-2019		बोली वृद्धि राशि 50,000/- (पचास हजार रूपये मात्र)

बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए, कृपया ओरिक्स लीजिंग एंड फाइनेंशियल सर्विसेज इंडिया लिमिटेड की वेबसाइट यानी **https://www.orixindia.com/sales-notice.php** पर दिए गए लिंक को देखें।

एसडी/- प्राधिकृत अधिकारी
दिनांक: 31-05-2025
ओरिक्स लीजिंग एंड फाइनेंशियल सर्विसेज इंडिया लिमिटेड

pnb Housing Finance Limited
Ghar Ki Baat

परिशिष्ट -4-क
अचल सम्पत्ति(यों) की ई-नीलामी बिक्री सूचना
वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 8(6) के परंतुक के तहत अचल आस्तियों की बिक्री हेतु ई-नीलामी बिक्री सूचना

पंजीकृत कार्यालयः - 9 वीं मंजिल, अंतरिक्ष भवन, 22, के जी मार्ग, नई दिल्ली -110001 फोनः - 011-23357171, 23357172, 23705414, वेबसाइटः **www.pnbhousing.com**
जोधपुर शाखाः पीएनबी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड, प्लाट-17, तीसरी मंजिल, के.पी. टावर, अपर चोपासनी रोड, एनआर-बॉम्बे मोटर सर्कल, बलदेव नगर, जोधपुर राजस्थान-342003

एतद्द्वारा सर्व साधारण को और विशेष रूप से कालम नंबर -ए में निर्दशित कर्जदार(रों) एवं गारंटर(रों) को सूचना दी जाती है कि प्रत्याभूत लेनदार के पास बंधक/प्रभारित कालम नंबर-डी में वर्णित अचल सम्पत्ति(या), जिसका प्रलक्षित/भौतिक कब्जा पीएनबी हाउसिंग फाईनैंस लिमिटेड (पीएनबी एचएफएल)/प्रत्याभूत लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा प्राप्त किया जा चुका है (कालम नंबर-सी में वर्णितानुसार) नीचे दिए विवरण के अनुसार **"जैसी है जहां है", जैसी है जो है"** तथा **"जो भी है वहां है"** आधार पर बेची जाएंगी। एतद्द्वारा कालम नंबर -ए में निर्दशित कर्जदार(रों)/बंधकदाता(ओं)/संबंधित कर्जदार(रों)/बंधकदाता(ओं) (मृत्योपरान्त) के कानूनी वारिसों, कानूनी प्रतिनिधियों, (चाहे ज्ञात अथवा अज्ञात), निष्पादक(कों), प्रशासक(कों), उत्तराधिकारी(यों), समनुदेशिती(यों) को, जैसी भी स्थिति है, प्रतिभूति हित प्रवर्तन नियमावली, 2002 अद्यतन संशोधित के नियम 8(6) एवं 9 के तहत सूचना दी जाती है।
बिक्री के विस्तृत नियम एवं शर्तों के लिए, कृपया मैसर्स पीएनबी हाउसिंग फाईनैंस लिमिटेड, प्रतिभूत लेनदार की वेबसाइट नामतः **www.pnbhousing.com** में उपलब्ध कराया गया लिंक देखें।

ऋण संख्या, कर्जदार/ सह-कर्जदार का नाम गारंटर(s) (ए)	मांग सूचना की राशि और तारीख (बी)	कब्ज़ा का प्रकार (सी)	बंधक रखी सम्पत्तिओं का विवरण (डी)	आरक्षित मूल्य (आरपी) (ई)	ईएमडी (आरपी का 10%) (एफ)	बोली प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि (जी)	बोली वृद्धि राशि (एच)	निरीक्षण की तिथि एवं समय (आई)	नीलामी की तिथि एवं समय (जे)	ज्ञात ऋणभार/ न्यायालय मामला, यदि कोई, (के)
HOU/JDH/0917/433922, NHL/JDH/1117/450032, बी.ओ.: जोधपुर, रणछोड़ मल पंवार, ममता देवी	23.06.2021 तक रु. 29,75,278.54	भौतिक कब्जा	खसरा नंबर 785, सिंध वालो का वेरा, बालोतरा, बाड़मेर, राजस्थान	रु. 2447000	रु. 244700	19.06.2025	रु. 10,000	12.06.2025 पूर्वा. 10.00 बजे से अप. 5:30 बजे	20.06.2025 अप. 02.00 बजे से अप. 03:00 बजे	Not Know

*उसके भुगतान तथा/अथवा वसूली की तिथि तक लागू अनुसार 18 प्रतिशत वार्षिक की दर पर भावी ब्याज, उपगत किए गए अनुषंगी खर्चों, लागत, प्रभारों इत्यादि सहित। ''पीएनबी हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के सर्वश्रेष्ठ ज्ञान और जानकारी के अनुसार, उपरिवर्णित अचल/प्रतिभूत आस्तियों के संबंध में कोई अन्य ऋणभार/दावे नहीं हैं, सिवाय उनके जो कालम नंबर-के में वर्णित किए गए हैं। इसके अतिरिक्त इन ऋणभारों का भुगतान/अदायगी सफल क्रेता/बोलीदाता द्वारा उसकी अपनी व्यवस्था द्वारा की जाएगी। सफल क्रेता(ओं)/बोलीदाताओं से वर्णित ऋणभारों की सत्यता का अभिनिश्चयन स्वतंत्र रूप से करने का अनुरोध किया जाता है। 1. आज की तिथि तक, पीएनबीएचएफएल/पीएनबीएचएफएल के प्राधिकृत अधिकारी पर उपरोक्त अचल सम्पत्तियों/प्रतिभूत आस्तियों की बिक्री, हस्तांतरण तथा/अथवा निपटान के संबंध में कोई प्रतिबंध आदेश तथा/अथवा न्यायालय निषेधादेश लागू नहीं है। 2. संभावित क्रेता/बोलीदाता तथा इच्छुक पार्टियां कालम नंबर-के में वर्णित, कार्यवाही/पारित आदेश इत्यादि, यदि कोई, में बहस, जिसमें पीएनबीएचएफएल के पास उपलब्ध उसके स्वामित्व के साथ संबंधित दस्तावेजों का शीर्षक शामिल है परंतु उसी तक सीमित नहीं है, का निरीक्षण स्वतंत्र रूप से कर सकती हैं तथा सभी संदर्भों में अपनी संतुष्टि अपनी निविदा/बोली आवेदन प्रस्तुत करने अथवा ऑफर(सं) प्रस्तुत करने से पहले कर सकती हैं। बोलीदाता(ओं) को बोली प्रपत्र के साथ इस नीलामी के नियमों और शर्तों पर हस्ताक्षर करने होंगे। 3. कृपया ध्यान दें कि प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 9(3) के अनुसार, बोलीदाता/खरीदार कानूनी रूप से बिक्री मूल्य की राशि का 25% (ब्याना सहित) जमा करने के लिए बाध्य है। पैसा, यदि कोई हो, जमा किया गया) उसी दिन या अगले कार्य दिवस की तुलना में बाद में नहीं। सुरक्षा ब्याज (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 9(2) के अनुसार सुरक्षित लेनदार द्वारा बिक्री मूल्य का 25% प्राप्त करने के बाद ही (बोली लगाने वाले) के पक्ष में बिक्री की पुष्टि की जा सकती है। शेष 75% बिक्री पुष्टि पत्र की पावती की तारीख से 15 दिनों के भीतर क्रेता द्वारा बिक्री प्रतिफल राशि जमा करनी होगी और इस तरह की जमा राशि के डिफॉल्ट होने पर, संपत्ति / सुरक्षित संपत्ति को फिर से बेचा जाएगा। **4. मैसर्स सी 1 इंडिया प्राइवेट लिमिटेड** ई-नीलामी के माध्यम से बिक्री संचालन में प्राधिकृत अधिकारी कार्पोरेट कार्यालय पता : प्लॉट नंबर 68, तृतीय तल, सेक्टर-44, गुरूग्राम, हरियाणा-122003 वेबसाइट-**www.bankeauctions.com** सहायता करेगी। संपत्ति के निरीक्षण या बोली दस्तावेज प्राप्त करने और किसी अन्य प्रश्न या पंजीकरण से संबधित किसी भी सहायता के लिए, पीएनबीएचएफएल प्राधिकृत अधिकारी **दुर्गा सिंह शेखावत, संपर्क नंबर 1800120 8800**, या सी 1 इंडिया प्राइवेट लिमिटेड अथवा **www.pnbhousing.com** पर देखें।

स्थान : राजस्थान, दिनांक : 03.06.2025
प्राधिकृत अधिकारी, मैसर्स पीएनबी हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड

स्वत्वाधिकारी स्वामी, प्रकाशक व मुद्रक युवराज सिंह के लिए सोनू वेब ऑफसेट, नींदड़ मोड़ के सामने, हरमाड़ा-सीकर रोड, जयपुर से मुद्रित व प्रकाशित किया जाता है। सम्पादक युवराज सिंह, पत्रों में लेखकों द्वारा व्यक्त किये गये विचारों से सम्पादक एवं प्रकाशक की सहमति अनिवार्य नहीं है। न्यायालय सम्बन्धी सभी मामले जयपुर में निपटाये जायेगें। प्रकाशक की लिखित अनुमति के बिना पूर्णतः व आंशिक व पूर्ण प्रकाशन पूर्णतः प्रतिबन्धित है। सम्पादक-युवराज सिंह मोबाईल नम्बर : 9829410051 ई-मेलः yuvrajsinghh@gmail.com पोस्टल रजिस्ट्रेशन नम्बर RJ/JPC/D-009/2006-08